संवाद

BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

HAPPY INDEPENDENCE DAY

अगस्त - 2020

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

माननीय उपमुख्यमंत्री ने किया स्मार्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन

मजबूत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ईको–सिस्टम तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल) और ईवी मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (ईवीएम) ने पूर्वी और मध्य दिल्ली में चार्जिंग स्टेशंस लगाने के लिए साझेदारी की है।

इसके तहत, पटपड़गंज में पहले स्मार्ट चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन दिल्ली के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने किया। सुरक्षा नियमों व सोशल डिस्टेंसिंग का पूरी तरह पालन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएसईएस के डायरेक्टर श्री वीएस वर्मा, बीवाईपीएल सीईओ श्री पीआर कुमार और ईवी मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विनीत बंसल भी उपस्थित थे। प्लगएन गो नाम के इस चार्जिंग स्टेशन पर 45 से 90 मिनट में कारें चार्ज की जा सकती हैं। यहां प्रतिदिन 15 से 18 कारें चार्ज की जा सकती है। इलेक्ट्रिक कारों को चलाने की रनिंग कॉस्ट सवा रूपये से डेढ़ रूपये प्रति किलोमीटर के बीच आएगी।

ठगों से सावधान

हम उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वे, खुद को बीएसईएस कर्मचारी बताने वाले ठगों, जालसाजों, धोखेबाजों और असामाजिक तत्वों से सावधान रहें। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि ऐसे लोगों की पहचान सुनिश्चित करें और उनके दबाव, धमकी और झूठे आश्वासनों में न आएं और किसी भी शर्त पर उन्हें पैसे न दें।



बिजली उपकरणों के पास पतंगबाजी ना करें, सुरक्षित रहें

भारत में स्वतंत्रता दिवस के जश्न का अभिन्न हिस्सा है, पतंगबाजी। लेकिन, कभी–कभार यह काफी खतरनाक साबित हो सकती है और यहां तक कि पतंग उड़ाने वाले की मौत भी सकती है। इसका कारण है कि पतंग उड़ाने के लिए जो मांझा इस्तेमाल किया जाता है, वह आमतौर पर मेटल कोटेड होता है, जो बिजली का वाहक है। यह न सिर्फ पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति के लिए खतरनाक है, बल्कि इससे इलाके में बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित होती है।

- मेटल कोटेड मांझे की वजह से ट्रिपिंग हो सकती है और बिजली का करंट भी लग सकता है
- अगर 33/66 केवी की एक ओवरहेड लाइन ट्रिप होती है, तो उससे 10 हजार निवासियों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। 11 केवी की एक लाइन ट्रिप होने से 2500 निवासियों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

बीवाईपीएल को मिला प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड

बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड को साल 2020 के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक इनोवेटिव प्रोडक्ट/सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। "इनोवटिव ग्रिड कनेक्टेड स्मार्ट एनर्जी स्टोरेज सिस्टम्स विद सोलर रूफटॉपः माइक्रोग्रिड" के लिए बीवाईपीएल को एक ऑनलाइन समारोह में यह पुरस्कार दिया गया।

64 प्रतिशत* तक की छूट के साथ बीवाईपीएल ने लॉन्च की एसी रिप्लेसमेंट स्कीम

एनर्जी एफिशिएंसी को प्रोत्साहन देने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, बीवाईपीएल ने एक एसी रिप्लेसमेंट स्कीम शुरू की है। स्कीम के तहत, बिजली की अधिक खपत करने वाले पुराने एसी को भारी छूट के साथ बीईई 5 स्टार रेटेड, नए ऊर्जा कुशल एसी के साथ बदला जा सकता है।

इसके लिए बीवाईपीएल ने डायकिन, गोदरेज, हिटाची, एलजी और वोल्टाज जैसे लीडिंग एयर कंडीशनर ब्रांड्स के साथ साझेदारी की है, ताकि उपभोक्ताओं को 64 प्रतिशत तक की भारी छूट के साथ कई विकल्प उपलब्ध कराए जा सकें।

अधिक जानकारी के लिए लॉग ऑन करें www.bsesdelhi.com या कॉल करें 19122/011–35999808

* *नियम व शर्तें लागू*

फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजेंः कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032
सीआईएनः CIN:U40109DL2001PLC111525
फोनः 11-4124-7111/4124-9273
ईमेलः bypl.feedback@relianceada.com,
वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं



टॉल फ्री 24x7 19122

एसएमएस 5616108

बिजली चोरी संबंधी 8588892156

बिजली गुल की शिकायत 8745999808

स्ट्रीटलाइट 41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित